

RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति

लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 119
दि. 29.08.2025,
शुक्रवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : VINOD KUMARI Regd. Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Centre, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad-382 424, Gujarat, India.

Phone : 76983 33307 (M) 84859 51747, 70963 33307 ● Email : navsarjansanskruti2016@gmail.com ● Email : navsarjansanskruti2016@yahoo.com ● Website : www.navsarjansanskruti.com

## जापान-चीन के लिए रवाना हुए पीएम मोदी, कहा- जिनपिंग और पुतिन से मिलने को उत्सुक

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान और चीन की यात्रा पर रवाना हो गए. इस दौरान उन्होंने भरोसा जताया कि ये दौरा भारत के हितों को आगे बढ़ाने में मदद करेगा. साथ ही क्षेत्रीय, वैश्विक शांति और आपसी सहयोग को मजबूत करने में सहायक होगा.



यात्रा के पहले चरण में पीएम मोदी 29 और 30 अगस्त को जापान जाएंगे. इसके बाद वे चीन जाएंगे, जहां वे शंघाई सहयोग संगठन (रउड) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे.

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रस्थान करने से पहले कहा कि वह तियानजिन में होने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए उत्सुक हैं.

जापान में पीएम मोदी अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ शिखर वार्ता करेंगे. जापान यात्रा को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरान ध्यान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाने पर होगा, जिसने पिछले 11 वर्षों में लगातार महत्वपूर्ण प्रगति की है.

पीएम मोदी ने कहा कि जापान यात्रा के दौरान आपसी सहयोग को नई ऊंचाई पर ले जाने, आर्थिक और निवेश संबंधों का दायरा बढ़ाने, एआई और सेमीकंडक्टर जैसी नई तकनीकों में साझेदारी को आगे बढ़ाने का लक्ष्य होगा. उन्होंने ये भी कहा कि यह यात्रा भारत और जापान के सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने का अवसर होगी.

यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री मोदी 31 अगस्त और 1 सितंबर को चीन के तियानजिन जाएंगे. वहां वे एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत साझा चुनौतियों का हल निकालने और क्षेत्रीय सहयोग को गहरा करने के लिए एससीओ देशों के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध है.

पीएम मोदी ने कहा कि जापान यात्रा के बाद वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर तियानजिन में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि भारत एससीओ का सक्रिय और रचनात्मक सदस्य है और अपने कार्यकाल के दौरान भारत ने इनोवेटिव, हेल्थ और कल्चरल आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में नई पहल की है.

## पीएम मोदी की मां के लिए की अपमानजनक टिप्पणी, सीएम धामी और भाजपा कांग्रेस-आरजेडी पर हमलावर, असली नफरती चेहरा बताया

(जीएनएस)।

पीएम नरेंद्र मोदी की मां को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस और आरजेडी पर जमकर हमला बोला है। भाजपा ने इसे कांग्रेस पार्टी का असली नफरती चेहरा बताया है। कहा कि बिहार में कांग्रेस की वोट अधिकार यात्रा के दौरान तेजस्वी और राहुल ने अपने मंच से इतनी गंदी भाषा का प्रयोग कराया है कि उसे सार्वजनिक मंच पर दोहराना भी संभव नहीं है।



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि कांग्रेस और आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के प्रति अभद्र व आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करना अत्यंत ही निंदनीय, अमर्यादित एवं कुत्सित मानसिकता का प्रतीक है।

धामी ने कहा कि यह केवल राजनीति की मयार्दा का पतन नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति की जड़ों में रचे-बसे मातृत्व और नारी सम्मान पर भी सीधा प्रहार है। जिन नेताओं से जनता संवेदनशीलता और सकारात्मक राजनीति की अपेक्षा करती है, उनका इस स्तर तक गिर जाना उनके अंतर्मन की दूषित सोच और लगातार जनता से मिल रही अस्वीकृति की बौखलाहट का स्पष्ट प्रमाण है।

बिहार की जागरूक जनता सब देख रही है। वह अपमान और नफरत की इस राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी और आगामी चुनावों में अपने एक-एक मत से इसका करारा जवाब देगी। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इसकी कड़ी आलोचना करते हुए कहा, ये वो जुर्म है कि हजार भी माफी मांगे, जनता उनको माफ नहीं करने वाली है।

मीडिया में जारी अपने बयान में उन्होंने कहा, बिहार में कांग्रेस की वोट अधिकार यात्रा के दौरान तेजस्वी और राहुल ने अपने मंच से इतनी गंदी भाषा का प्रयोग कराया है कि उसे सार्वजनिक मंच पर दोहराना भी संभव नहीं है।

## 40% हिंदू, 20% मुसलमान साथ आगए तो-प्रशांत किशोर ने बताया कैसे जीतेंगे बिहार चुनाव?

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले जन सुराज पार्टी के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर (PK) ने अपने राजनीतिक पत्ते खोल दिए हैं। उन्होंने साफ कहा है कि अगर हिंदू और मुस्लिम समाज एकजुट हो जाएं, तो उनकी पार्टी न सिर्फ बिहार में नीतीश कुमार और बीजेपी को मात देगी, बल्कि दो साल बाद उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को भी हराना संभव होगा। मोतिहारी में आयोजित 'मुस्लिम एकता सम्मेलन' में प्रशांत किशोर ने कहा-"आज मैं अपने मुस्लिम भाइयों को आमंत्रित करने आया हूं। अगर मुसलमान हमारा साथ देते हैं तो हम बिहार में नीतीश और बीजेपी को ही नहीं, बल्कि यूपी में योगी आदित्यनाथ को भी हरा देंगे।"



## भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड में 23.36 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा आरसीसी पुल - सम्राट चौधरी



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर में 2336.44 लाख रुपये की लागत से एक उच्च-स्तरीय आरसीसी ब्रिज के निर्माण की मंजूरी की घोषणा की। इस परियोजना का उद्देश्य स्थानीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने बताया भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखण्ड के डोमनिया चौक से बाबूपुर भाया बाखरपुर पथ के छठे किलोमीटर पर एक उच्च स्तरीय आरसीसी पुल निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पुल 6721 मीटर आकार का होगा। पुल के साथ पहुंच पथ का भी निर्माण किया जाएगा।

## गुजरात में 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 के आयोजन के लिए गुजरात सरकार के पर्यटन निगम (टीसीजीएल) तथा वर्ल्ड वाइड मीडिया प्रा. लि. के बीच एमओयू हुआ

गांधीनगर, (जीएनएस)। मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल की प्रेरक उपस्थिति में गुरुवार को गांधीनगर में आयोजित गौरवशाली समारोह में 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के आयोजन के लिए गुजरात पर्यटन निगम लिमिटेड (टीसीजीएल) तथा वर्ल्ड वाइड मीडिया प्रा. लि. के बीच एमओयू किया गया।

इस एमओयू पर राज्य सरकार की ओर से टीसीजीएल के प्रबंध निदेशक एवं पर्यटन आयुक्त श्री प्रभव जोशी तथा वर्ल्ड वाइड मीडिया के श्री रोहित गोपाकुमार ने हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के दिशादर्शन में राज्य सरकार द्वारा 2022 में घोषित की गई सिनेमैटिक टूरिज्म पॉलिसी के चलते गुजरात में फिल्म उद्योग आकर्षित हुए हैं, जिसमें इस फिल्मफेयर अवॉर्ड 2025 का आयोजन एक और मील का पत्थर सिद्ध होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महानुभावों की उपस्थिति में फिल्मफेयर ट्रॉफी-ब्लैक लेडी का अनावरण किया।



गुजरात में लगातार दूसरी बार फिल्मफेयर अवॉर्ड्स आयोजित होने जा रहा है। इस संदर्भ में इस एमओयू साइनिंग अवसर पर पर्यटन मंत्री श्री मुळुभाई बेरा, राज्य मंत्री श्री भीखूसिंह परमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री एम. के. दास, पर्यटन सचिव श्री राजेन्द्र कुमार, टीसीजीएल के प्रबंध निदेशक व पर्यटन आयुक्त श्री प्रभव जोशी, टाइम्स समूह के प्रबंध निदेशक श्री विनीत जैन, निदेशक श्री रोहित गोपाकुमार, लोकप्रिय हिंदी फिल्म मेकर श्री करण जौहर तथा विक्रांत मेसी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रगति को नई दिशा दी है और सर्वांगीण विकास के चलते गुजरात एंटरटेनमेंट इन्वेस्टमेंट का फेवरेट डेस्टिनेशन बना है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वदेशी व आत्मनिर्भरता को फिल्म मेकिंग उद्योग बहुत अच्छी तरह प्रोत्साहन दे सकता है। भारतीय फिल्म जगत के सबसे प्रतिष्ठित फिल्मफेयर अवॉर्ड्स का गुजरात में आयोजन होने से लोकल इकोनॉमी को बूस्ट मिलेगा तथा रोजगार सृजन भी हो सकेगा।

## शहर की 40% महिलाएं में सुरक्षा का डर, दिल्ली-कोलकाता बने सबसे असुरक्षित शहर

(जीएनएस)।

भारत में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हाल ही में जारी नेशनल एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स ऑन वीमेन सेफ्टी (NARI 2025) ने चिंताजनक तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश के शहरी इलाकों में रहने वाली करीब 40% महिलाएं खुद को असुरक्षित या कम सुरक्षित महसूस करती हैं।

यह आंकड़ा केवल अपराध के दर्ज मामलों पर आधारित नहीं है, बल्कि महिलाओं के रोजमर्रा के अनुभवों और अनकहे डर को भी सामने लाता है।

Report के मुताबिक, 31 शहरों की 12,770 महिलाओं से जुटाए गए अनुभवों पर आधारित यह रिपोर्ट बताती है कि असुरक्षा की भावना केवल अपराध की घटनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि अधूरी इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं, अंधेरी सड़कें और असुरक्षित पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी इसका बड़ा कारण हैं। इसमें रोजमर्रा के अनुभव, अनरिपोर्टेड घटनाएं और महिलाओं की वास्तविक समस्याएं शामिल की गई हैं। जिसमें उनके डर, चुनौतियां और हर दिन झेली जाने वाली तकलीफें साफ झलकती हैं।




छेड़छाड़ और उत्पीड़न के आंकड़े डरानेवाले

ठअफक्र 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2024 में 7% महिलाओं ने सड़क पर उत्पीड़न का सामना किया। इसमें सबसे ज्यादा खतरे में 18 से 24 साल की युवतियां पाई गईं। यह आंकड़ा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की 2022 की रिपोर्ट से 100 गुना ज्यादा है।

उत्पीड़न के तौर-तरीके घूरना, फब्तियां कसना, अश्लील टिप्पणियां और छूना जैसे रहे। महिलाओं ने खराब सड़क ढांचा, अपर्याप्त स्ट्रीट लाइटिंग और असुरक्षित पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बड़ी वजह बताया।

ये है सबसे असुरक्षित शहर

रिपोर्ट में कोलकाता और दिल्ली को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहरों में गिना गया। इसके अलावा रांची, श्रीनगर और फरीदाबाद भी इस सूची में शामिल रहे।

सिर्फ 22% महिलाओं ने उत्पीड़न की शिकायत अधिकारियों तक पहुंचाई।

कई महिलाएं डर, सामाजिक कलंक और आगे की परेशानियों के डर से रिपोर्ट दर्ज नहीं करातीं।

## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग मुख्यमंत्री

लखनऊ (जीएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में ह्यसुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025ह्ल के प्राविधानों पर चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। साथ ही, यह भी उतना ही आवश्यक है कि औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारण्टी सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ह्यश्रमेव जयतेह्ल के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो श्रमिकों और उद्यमियों, दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों।



मुख्यमंत्री जी ने विधेयक के नये प्राविधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि अनावश्यक दण्डात्मक प्राविधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना वर्तमान की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिए कि आपत्तियों और सुझावों पर गम्भीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलन स्थापित करता हो। निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है। इसके अन्तर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा निस्तारण अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहाँ पहले कारावास की सजा का प्राविधान था, वहां अब अधिक आर्थिक दण्ड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है।

प्रधानमंत्री जी के रिफॉर्म, परफॉर्म एवं ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में औद्योगिक व श्रम सुधारों की दिशा में बड़े कदम बढ़ाए हैं। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्राविधान समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। शीघ्र ही, उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जो व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से इतने बड़े पैमाने पर आपराधिक प्राविधानों को गैर-आपराधिक श्रेणी में परिवर्तित करेगा।

बैठक में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि इस विधेयक पर सम्बन्धित 14 विभागों से राय ली गई है। अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियाँ दर्ज कराई हैं। बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई। प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेन्स की अवधि बढ़ाने, दुकानों व प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने और महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं।

सुधारों की श्रृंखला में ह्यनिवेश मित्र 3.0ह्ल पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत निवेशकों की आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बनाया जाएगा। कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म, पैन-आधारित पहचान, स्मार्ट डैशबोर्ड, बहुभाषी सहायता और ए0आई0 चैटबॉट जैसी सुविधाएँ जोड़ी जाएंगी। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी और निवेशकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल का नया संस्करण शीघ्र ही लॉन्च किया जाए। इससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को नई मजबूती मिलेगी।

## नाडा में नियुक्त हुए भारत के नए हाई कमिश्नर दिनेश के पटनायक

(जीएनएस)।

भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण रिश्तों में अब एक नई शुरूआत होती दिख रही है। भारत सरकार ने सीनियर राजनयिक दिनेश के पटनायक (ऊ्रल्लीरँ ङ. ढं३ल्लं‍) को कनाडा में भारत का नया उच्चायुक्त (ल्लँ उङ्के२२ङ्गल्ली१) नियुक्त किया है। कनाडा में यह पद पिछले दस महीनों से खाली था।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार, 28 अगस्त को इसकी आधिकारिक तौर पर घोषणा करते हुए बताया कि पटनायक जल्द ही कनाडा की राजधानी ओटावा में अपना पद और कार्यभार संभालेंगे।

वहीं मीडिया रिपोर्टस की मानें तो कनाडा की ओर से भी जल्द ही क्रिस्टोफर कूटर को भारत में नया उच्चायुक्त नियुक्त किए जाने की संभावना है। कूटर इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में उच्चायुक्त और इजरायल में चार्ज द'अफेयर्स रह चुके हैं।

भारत-कनाडा विवाद के बाद पहली नियुक्ति

यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारत और कनाडा के रिश्ते लंबे समय से तनाव में हैं। पिछले साल खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों में कूटनीतिक खींचतान शुरू हो गई थी। कनाडा ने भारतीय राजनयिकों से पूछताछ करने की कोशिश की थी, जिसके बाद भारत ने भी ओटावा से अपने दूतावास के कई अधिकारियों को वापस बुला लिया था।

इसके साथ ही छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। इस विवाद के चलते दोनों देशों में उच्चायुक्त का पद महीनों तक खाली रहा। अब पटनायक की नियुक्ति को रिश्तों में सुधार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।



दिनेश के पटनायक भारतीय विदेश सेवा (IFS) के 1990 बैच के अधिकारी हैं और फिलहाल स्पेन में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत थे। उन्हें तीन दशकों से अधिक का राजनयिक अनुभव है। उन्होंने भारत के मिशनों में जिनेवा, ढाका, बीजिंग और वियना में भी जिम्मेदार पदों पर काम किया है।

पटनायक 2016 से 2018 तक ब्रिटेन में भारत के उप उच्चायुक्त रहे, जहाँ उन्हें भारतीय प्रवासी समुदाय में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों से निपटने का अनुभव भी मिला। यही अनुभव उन्हें कनाडा जैसे संवेदनशील देश में बड़ी जिम्मेदारी निभाने में मदद करेगा। विदेश मंत्रालय में भी उन्होंने अफ्रीका, पश्चिमी यूरोप, संयुक्त राष्ट्र और बाहरी प्रचार से जुड़े डिवीजन में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं।



# पश्चिम रेलवे चलाएगी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

मुंबई, यात्रियों की सुविधा हेतु तथा दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर बढ़ती हुई यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए, पश्चिम रेलवे द्वारा उधना – मालदा टाउन तथा वडोदरा – कोलकाता के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 03418/03417 उधना – मालदा टाउन साप्ताहिक स्पेशल [14 फेरे]

ट्रेन संख्या 03418 उधना – मालदा टाउन स्पेशल प्रत्येक सोमवार को उधना से 12:30 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 02:55 बजे मालदा टाउन पहुँचेगी। यह ट्रेन 29 सितम्बर से 10 नवम्बर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 03417 मालदा टाउन – उधना स्पेशल प्रत्येक शनिवार को मालदा टाउन से 12:20 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 00:45 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 27 सितम्बर से 08 नवम्बर, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, दोंडाइचा, अमलनेर, भुसावल, इटारसी, पिपरिया, मदन महल, कटनी, सतना, माणिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, सासाराम, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज, बरहरवा तथा न्यू फरक्का स्टेशनों पर ठहरेगी।

इस ट्रेन में स्लीपर क्लास एवं द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

2. ट्रेन संख्या 03110/03109 वडोदरा – कोलकाता साप्ताहिक स्पेशल [18 फेरे]

ट्रेन संख्या 03110 वडोदरा – कोलकाता स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को वडोदरा से 16:45 बजे प्रस्थान करेगी और शनिवार को 04:05 बजे कोलकाता पहुँचेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 27 नवम्बर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 03109 कोलकाता – वडोदरा स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को कोलकाता से 08:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19:45 बजे वडोदरा पहुँचेगी। यह ट्रेन 30 सितम्बर से 25 नवम्बर, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में गोधरा, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, इदगाह आगरा, टुंडला, गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय, सासाराम, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर तथा बर्द्धमान स्टेशनों पर ठहरेगी।

इस ट्रेन में एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास एवं द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 03418 एवं 03110 की बुकिंग 30 अगस्‍त, 2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail. gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

### वसई रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 06 एवं 07 पर दूसरे उत्तरी पैदल ऊपरी पुल की दक्षिणी सीढ़ियाँ हटाई जाएँगी

मुंबई, 28 अगस्त, 2025

वसई रोड स्टेशन के स्टेशन सुधार कार्य के दृष्टिगत, प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 एवं 7 पर स्थित दूसरे उत्तरी पैदल ऊपरी पुल (FOB) की दक्षिणी सीढ़ियों को एलिवेटेड डेक की नींव का कार्य करने हेतु हटाया जाना प्रस्तावित है। अतः यह सीढ़ियाँ 29 अगस्त, 2025 की रात से यात्रियों के लिए बंद रहेंगी।

इस अवधि में यात्री दूसरे उत्तरी पैदल ऊपरी पुल की उत्तरी सीढ़ियों तथा मौजूदा उत्तरी पैदल ऊपरी पुल की दक्षिणी सीढ़ियों का उपयोग कर सकते हैं।

यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा खेद व्यक्त किया गया है।

# मानसून और अगस्त गुजर रहा भारी, अचानक लैंडस्लाइड से दरक रहे पहाड़, लगातार बढ़ रही मुसीबतें

(जीएनएस)।

उत्तराखंड में मानसून और अगस्त का महिना पहाड़ी जिलों पर भारी गुजर रहा है। आए दिन हो रहे लैंडस्लाइड लोगों के लिए मुसीबतें बनी हुई हैं। जिससे पहाड़ों में लाइफलाइन पर भी बुरा असर पड़ रहा है। आए दिन बारिश और भूस्खलन से घंटों हाईवे बाधित हो रहे हैं।

जिससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। मेडिकल से लेकर इमरजेंसी में जो लोग सफर कर रहे हैं, उनके लिए सड़कों पर पल पल भारी गुजर रहा है। ऐसा ही कुछ नजारा गुरुवार को उत्तरकाशी के नगुण के समीप नजर आया। यहां पहाड़ी से अचानक भारी भूस्खलन हुआ।

जिसके कारण कई घंटे तक गंगोत्री हाईवे आवाजाही के लिए बंद हो गया। जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि दोनों ओर वहां पर मशीनें तैनात थी, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद रात में यातायात को संचालन किया। लेकिन जिस समय लैंडस्लाइड हुआ मानो पूरा पहाड़ की नीचे उतर आया हो।

इसके साथ ही गंगोत्री हाईवे पर डबरानी के समीप भूस्खलन होने के कारण सड़क पर आवाजाही करीब चार घंटे बंद रही। बीआरओ की मशीनरी ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर आवाजाही शुरू करवाई। पहाड़ी से लगातार बोल्डर आ रहे हैं। गंगोत्री हाईवे पर डबरानी पर पहाड़ी से हो रहा भूस्खलन बीआरओ और प्रशासन के लिए लगातार मुसीबत बना हुआ है।



बीते करीब 20 दिन से हरसिल घाटी का मुख्यालय से कनेक्शन कटा हुआ है, जिसे सुचारु करने का प्रयास किया जा रहा है। हर्षिल में तेलगाड में ह्यूमपाईप लगाकर गंगोत्री हाईवे पर आवाजाही शुरू करवाने का प्रयास कर रहे हैं। हर्षिल झील में डूबी सड़क में लगातार मलबा डालकर सड़क खोलने को प्रयास किया जा रहा है।

जिसके लिए कड़ी मशक्कत हो रही है। झील को भी खोलने का काम जारी है। किसानों और स्थानीय लोगों के सामने अब आजीविका और रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। सेब, आलू और सब्जियों के खराब होने का डर सता रहा है। स्थानीय लोगों का पर्यटन के बाद यही एक मात्र रोजगार है। पर्यटन पहले से ही चौपट हो गया है। ऐसे में अब किसानी, खेती बाडी भी प्रभावित हो रही है।

उधर आज चमोली में भारत चीन सीमा से लगे जोशीमठ निति सड़क भलगांव के पास मलबा आने से अवरुद्ध रहा। स्थानीय लोगो का कहना है की सुबह से ही सड़क बंद होने के चलते लोगो को आवाजाही करने परेशानियों का समाना करना पढ़ रहा है। हालांकि प्रशासन की और सड़क से मलबा हटाने का कार्य जारी है।

हर्षिल-धराली आपदा के बाद गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के जलमग्न हुए हिस्से को बहाल करने का कार्य निरन्तर गतिमान है। जलमग्न हुए हिस्से से जल की निकासी को व्यवस्थित कर मार्ग निर्माण कार्य करने के लिए ह्यूम पाइप भी मौके पर पहुंचाएं जा चुके हैं साथ ही मार्ग के दूसरे छोर पर भी एक एस्केलेटर और एक जेसीबी के द्वारा कार्य जारी है। धराली-हर्षिल में अतिवृष्टि के कारण आयी प्राकृतिक आपदा से हर्षिल क्षेत्र में अस्थायी झील बनने तथा कई स्थानों पर सड़क संपर्क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने से आवाजाही बाधित हो गई थी।

मार्ग बहाली और आवाजाही को सुचारू करने का कार्य निरन्तर युद्ध स्तर किया जा रहा है। लिमच्यागाड , डबरानी और सोनगाड जैसे चुनौतीपूर्ण स्थानों पर क्षतिग्रस्त मार्गों को बहाल करके उत्तरकाशी से हर्षिल तक सड़क संपर्क बहाल किया जा चुका हैं साथ ही विकट परिस्थितिया होने पर भी प्रशासन द्वारा हर्षिल , धराली और आसपास के क्षेत्रों में बिजली, पानी और संचार संपर्क भी बहाल कर दिया गया है।

# इस वजह से बदला 3 दर्जन से अधिक ट्रेनों का मार्ग,

(जीएनएस)। परिचालनिक सुगमता हेतु मूलभूत ढ़ाँचे में विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ (04 किमी.) तीसरी लाइन की कमीशनिंग तथा गोरखपुर-नकहा जंगल (05 किमी.) दोहरीकरण की कमीशनिंग हेतु 22 सितम्बर, 2025 को प्री-इण्टरलॉक एवं 23 से 26 सितम्बर, 2025 तक नान इण्टरलॉक कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन निम्नवत किया जायेगा। नान इण्टरलॉक कार्य के उपरान्त 26 सितम्बर, 2025 को रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन-

1. कटिहार से 21 से 26 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-औंड़िहार-वाराणसी जं.-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी एकमा, सीवान, मैरवा, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, बादशाहनगर, ऐशबाग एवं उन्नाव स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

अमृतसर से 20 से 26 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-गोंडा-गोरखपुर-भटनी-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जं.-बनारस-वाराणसी जं.-औंड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, मैरवा, सीवान एवं एकमा स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

2. बान्द्रा टर्मिनस से 21 से 25 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 19037 बान्द्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानक नगर-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-सुल्तानपुर-वाराणसी जं.-औंड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी ऐशबाग, लखनऊ सिटी, बादशाहनगर, गोमती नगर, बाराबंकी, बुढ़वल, जरवल रोड, करनैलगंज, गोंडा, मनकापुर, मसकनवा, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, गौर, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर, सहजनवा, गोरखपुर, पिपराइच, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, खड्डा, पनियहवा, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, पीपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

बरौनी से 23 से 26 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 19038 बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-औंड़िहार-वाराणसी जं.-सुल्तानपुर-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-मानक नगर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी मोतीपुर, मेहसी, चकिया, पीपरा, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, हरिनगर, बगहा, पनियहवा, खड्डा, सिसवा बाजार, कप्तानगंज, पिपराइच, गोरखपुर, सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, गौर, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवा, मनकापुर, गोंडा, करनैलगंज, जरवल रोड, बुढ़वल, बाराबंकी, गोमती नगर, बादशाहनगर, लखनऊ सिटी एवं ऐशबाग स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।



3. आनन्द विहार टर्मिनल से 21 सितम्बर, 2025 को चलने वाली 14012 आनन्द विहार टर्मिनल-राधिकापुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग रोजा-सीतापुर-गोंडा-गोरखपुर-नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रोजा-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-सुल्तानपुर-वाराणसी जं.-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

4. जयनगर से 24, 25 एवं 27 सितम्बर, 2025 को चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-औंड़िहार-वाराणसी जं.-सुल्तानपुर-लखनऊ (उत्तर रेलवे) के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा एवं बाराबंकी स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

अमृतसर से 21, 23, 25 एवं 26 सितम्बर, 2025 को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-भटनी-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-वाराणसी जं.-वाराणसी सिटी-औंड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी बाराबंकी, गोंडा, मनकापुर, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, भाटपार रानी, मैरवा एवं सीवान स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

5. अमृतसर से 22 सितम्बर, 2025 को चलने वाली 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग रोजा-सीतापुर-बुढ़वल-गोंडा-गोरखपुर-भटनी-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रोजा-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-सुल्तानपुर-वाराणसी जं.-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी एवं सीवान स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

6. गुवाहाटी से 22 सितम्बर, 2025 को चलने वाली 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-भटनी-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-औंड़िहार-वाराणसी जं.-सुल्तानपुर-लखनऊ (उत्तर रेलवे) के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सीवान, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती एवं गोंडा स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

7. उदयपुर सिटी से 22 सितम्बर, 2025 को चलने वाली 19615 उदयपुर सिटी-कामाख्या एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-भटनी-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग लखनऊ (उत्तर रेलवे)-सुल्तानपुर-वाराणसी जं.-औंड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी अयोध्या धाम जं., मनकापुर, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं भटनी स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

कामाख्या से 25 सितम्बर, 2025 को चलने वाली 19616 कामाख्या-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-भटनी-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-औंड़िहार-वाराणसी जं.-सुल्तानपुर-लखनऊ (उत्तर रेलवे) के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, मनकापुर एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

8. छपरा से 24 एवं 26 सितम्बर, 2025 को चलने वाली 15109 छपरा-मथुरा जं. एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग भटनी-गोरखपुर-गोंडा-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग भटनी-मऊ-औंड़िहार-वाराणसी जं.-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, गोरखपुर, बस्ती, बभनान, मसकनवा, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, बादशाहनगर एवं ऐशबाग स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

मथुरा जं. से 22, 24 एवं 26 सितम्बर, 2025 को चलने वाली 15110 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-गोंडा-गोरखपुर-भटनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जं.-बनारस-वाराणसी जं.-औंड़िहार-मऊ-भटनी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, गोंडा, मनकापुर, मसकनवा, बभनान, बस्ती, गोरखपुर, खलीलाबाद, गोरखपुर एवं देवरिया सदर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

9. बरौनी से 22 से 27 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-औंड़िहार-वाराणसी जं.-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती एवं ऐशबाग स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

नई दिल्ली से 22 से 26 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग कानपुर सेंट्रल-बाराबंकी-गोरखपुर-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जं.-बनारस-वाराणसी जं.-औंड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सीवान स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

10. दरभंगा से 22 से 27 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-औंड़िहार-वाराणसी जं.-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती एवं ऐशबाग स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

नई दिल्ली से 22 से 26 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग कानपुर सेंट्रल-बाराबंकी-गोरखपुर-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जं.-बनारस-वाराणसी जं.-औंड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सीवान स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

11. हावड़ा से 22 से 26 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग भटनी-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग भटनी-मऊ-वाराणसी सिटी-वाराणसी जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी देवरिया सदर, चौरी चौरा, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर एवं गोंडा स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

काठगोदाम से 22 से 26 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-देवरिया सदर-भटनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-वाराणसी जं.-मऊ-भटनी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोंडा, मनकापुर, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, चौरी चौरा एवं देवरिया सदर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

12. अमृतसर से 22 से 26 सितम्बर, 2025 तक चलने वाली 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग रोजा-सीतापुर-बुढ़वल-गोंडा-गोरखपुर-नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रोजा-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-सुल्तानपुर-वाराणसी जं.-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी मैंगलगंज, सीतापुर सिटी, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, घुघुली, सिसवा बाजार, खड्डा, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, चनपटिया, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, पीपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

# तांत्रिक के बहकावे में आकर बाबा ने की भतीजे की हत्या, जादू-टोने का शक बना घटना की वजह

(जीएनएस)।

यूपी के प्रयागराज जनपद के करेली थाना क्षेत्र से मंगलवार को गायब हुआ 11वीं का छात्र मृत मिला। पुलिस की जांच में सामने आया कि छात्र की हत्या किसी दूसरे शख्स ने नहीं बल्कि उसके ही रिश्तेदार द्वारा की गई थी। पकड़े जाने के बाद पूरा मामला सामने आया।

दरअसल, सुबह यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल निकला छात्र शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और पड़ोस में खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। देर शाम मां ने थाने जाकर गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

स्र१८ू१ ल्लीद्२ ४ल्लू ी ल्लीस्रौद्

गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस द्वारा जिस रास्ते से छात्र स्कूल के लिए निकला हुआ था उसे रास्ते में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इस दौरान छात्र सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया लेकिन कुछ दूर जाने के बाद वह अचानक गायब हो गया।

स्कूटी सवार ने फेंका था लाल कपड़े में कुछ सामान

पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही थी इसी दौरान औद्योगिक क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को फोन करके बताया कि एक स्कूटी सवार युवक लाल कपड़े में लिपटा पैकेट फेंककर भाग निकला। उसके बाद पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच की गई।



जांच में सामने आया कि स्कूटी सवार छात्र का चचेरा बाबा शरण सिंह था। इतनी जानकारी हाथ लगने के बाद पुलिस द्वारा शरण सिंह की खोजबीन की जाने लगी और फिर बरखंडी महादेव मंदिर के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चौंकाने वाला सच सामने आया।

तांत्रिक का बहकावा और बदले की आग

आरोपी शरण सिंह ने कबूल किया कि वह लंबे समय से मानसिक तनाव में जी रहा था। उसकी बेटी और बेटा अलग-अलग घटनाओं में जान गंवा चुके थे। इन हादसों ने उसे भीतर तक तोड़ दिया और उसने परिवार पर शक करना शुरू कर दिया।

शरण सिंह का विश्वास था कि उस पर जादू-टोना कराया गया है। ऐसे में वह एक तांत्रिक के पास पहुंचा तो उसने भी यही बताया कि परिवार के लोगों ने उसके साथ गलत किया है। इसी बहकावे और बदले की भावना से उसने किशोर को धोखे से बुलाकर वारदात को अंजाम दिया।

शव के टुकड़े कर जगह-जगह फेंका

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने हत्या के बाद शव की पहचान छिपाने के लिए उसे टुकड़ों में काटकर अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिया। पुलिस ने अवशेष बरामद कर पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी निशानीदेही पर लोहे की आरी, धारदार चपड़ और नगद रुपये भी बरामद करते हुए जब्त किए। जांच में पता चला कि इन्हीं औजारों का इस्तेमाल वारदात को अंजाम देने में किया गया था।

इस बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने कहा कि आरोपी पर पहले से दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी कहा कि फरार तांत्रिक की तलाश जारी है।

# मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अचानक पहुंच गई इस खिलाड़ी की गर्लफ्रेंड, पूछा ऐसा सवाल कि सब रह गए हैरान

(जीएनएस)।

अमेरिकी टेनिस स्टार बेन शेल्टन और उनकी गर्लफ्रेंड ट्रिनिटी रोडमैन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वर डस्नील्ल 2025 में Pablo CÔrreno Busta को सीधे सेटों में हराने के बाद जब बेन शेल्टन प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे तो माहौल अचानक मजेदार हो गया। इसकी वजह उनकी गर्लफ्रेंड का सवाल था।





गर्लफ्रेंड ने पूछा मजेदार सवाल

बेन शेल्टन की गर्लफ्रेंड ट्रिनिटी रोडमैन एक प्रोफेशनल सॉकर प्लेयर हैं और US महिला सॉकर टीम की अहम सदस्य मानी जाती हैं। वह इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थीं। उन्होंने बड़े ही मजाकिया अंदाज में पूछा कि आज 135 से तेज सर्व क्यों नहीं कर पाए? सवाल सुनते ही बेन शेल्टन का चेहरा लाल हो गया। उन्होंने मुस्कुराते हुए मीडिया पर्सन से कहा कि आपने उसे सवाल क्यों दिया?

जानिए खिलाड़ी ने दिया क्या जवाब

इस पर मीडिया का जवाब भी मजेदार था। मीडिया ने कहा कि यह बॉस का आदेश है! इसके बाद 22 साल के इस टेनिस स्टार ने शरमाते हुए जवाब देते हुए कहा कि बाहर काफी ठंड थी, इसलिए शायद यही वजह रही। मैं खास स्पॉट्स को हिट करने पर ध्यान दे रहा था, लेकिन वो सही से नहीं हो पाया। अगली बार इस पर काम करूंगा। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है।

ऐसा रहा मैच का हाल

बेन शेल्टन ने इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और बूस्टा को 6-4, 6-2, 6-4 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। उनकी सर्विस और अटैकिंग गेम देखने लायक था। कोर्ट पर इंटरव्यू में बेन शेल्टन ने न्यूयॉर्क की ऑडियंस को धन्यवाद दिया और कहा कि यह शहर कभी नहीं सोता। यहां का एनर्जी लेवल कमाल का है। ये टूनामेंट पूरी तरह फैंस के लिए है। आप सबका शुक्रिया, मेरा सफर अभी खत्म नहीं हुआ हैं।

# ट्रंप की बेवफाई-राहुल का 'वोट चोरी' वार, अब देश का मूड क्या? आज हुए चुनाव तो एनडीए को कितनी सीटें?

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में NDA का तीसरा कार्यकाल 14 महीनों से सियासी और आर्थिक भूचाल का सामना कर रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' की धमक ने पाकिस्तान को हिलाया, तो ट्रंप के 50% टैरिफ ने भारत की अर्थव्यवस्था को झटका दिया। दूसरी तरफ, राहुल गांधी का 'वोट चोरी' कैंपेन और बिहार में रक्फ़ विवाद ने विपक्ष को नया हथियार दिया। लेकिन सवाल यह है-क्या मोदी अब भी देश के बेताज बादशाह हैं, या विपक्ष ने उनकी सियासी पकड़ कमजोर कर दी?

इंडिया टुडे-सीवोटर का मूड ऑफ द नेशन (MOTN) सर्वे 28 अगस्त 2025 को इस सवाल का जवाब देता है। अगर आज चुनाव हों, तो ठऊ्र कितनी सीटें जीतेगा? आइए, टटोलते हैं देश के मिजाज की नस?





इंडिया टुडे-सीवोटर के मूड ऑफ द नेशन सर्वे (1 जुलाई-14 अगस्त 2025) में 2,06,826 लोगों से राय ली गई। नतीजे चौंकाने वाले हैंः –

NDA की धमकः अगर आज लोकसभा चुनाव हों, तो BJP-led NDA 324 सीटें जीत सकता है, जिसमें BJP अकेले 260 सीटें हासिल कर सकती है। यह 2024 के 293 सीटों से 31 सीटों की बढ़त है।

विपक्ष का पतनः कांग्रेस की अगुवाई वाला INDIA गठबंधन 234 सीटों से गिरकर 208 सीटों पर सिमट सकता है। कांग्रेस की सीटें 99 से घटकर 85 रह जाएंगी।

वोट शेयरः NDA का वोट शेयर 47% से बढ़कर 49% हो सकता है, जबकि INDIA गठबंधन का वोट शेयर 42% से घटकर 40% रह सकता है।

यह सर्वे महाराष्ट्र, हरियाणा, और दिल्ली में NDA की हालिया विधानसभा जीत के बाद आया है, जिसने BJP को नई ताकत दी। लेकिन क्या यह ताकत 2029 के लोकसभा चुनाव तक कायम रहेगी?

ऑपरेशन सिंदूरः मोदी की 'घर में घुसकर मारेंगे' छवि चमकी

अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले ने 26 पर्यटकों की जान ले ली। इसके जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च किया, जिसमें 22 मिनट में पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए गए। तीन दिन की तनातनी के बाद पाकिस्तान ने भारत से बातचीत की।

मोदी की इस आक्रामक रणनीति ने उनकी 'घर में घुसकर मारेंगे' वाली छवि को और मजबूत किया।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh. and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI

# सम्पादकीय

## हिटलर को मना करने वाले महान खिलाड़ी और देशभक्त मेजर ध्यानचंद

प्रतिवर्ष 29 अगस्त को भारत में हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 'खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्रा१ण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भता हो गए थे। सेना में भता होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भता होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाडियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को वुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भता होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आमा हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए वुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी पेडरेशन द्वारा टूनार्मेंट का आयोजन किया गया, जिसमें वुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविस की ओर से टूनार्मेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए। दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है।

# प्रधानमंत्री की प्रेरणा से शुरू हुई वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की शानदार सफलता के चलते गुजरात की एक और नूतन पहल वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस

गांधीनगर, (जीएनएस)। मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा तथा मार्गदर्शन में 2003 से शुरू हुई वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से गुजरात ग्लोबल इंडस्ट्रियल मैप पर अग्रसर बना है। इतना ही नहीं; गुजरात ने विश्वभर के उद्योगों-निवेशकों के लिए गेट-वे टु द फ्यूचर की विशेष पहचान स्थापित की है।

मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में कहा कि हमें प्रधानमंत्री के दिशादर्शन में वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के आयोजन से गुजरात की इमेज को ह्यवोकल फॉर लोकलह्न से और अधिक उजागर करने तथा विकास का लाभ राज्य के हर कोने में पहुँचाने की नई पहल करनी है।

श्री पटेल गुरुवार को इस वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के लॉन्चिंग कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उद्योग मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत तथा कृषि मंत्री श्री राघवजी पटेल एवं राज्य मंत्री श्री भीखूसिंह परमार की प्रेरक उपस्थिति में कॉन्फ्रेंस के लोगो, वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन की लॉन्चिंग भी की।

राज्य के हर प्रदेश की औद्योगिक-आर्थिक स्ट्रेंथ तथा निवेशों की सज्जता का प्लेटफॉर्म बनने वाली इस वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस की प्रथम कॉन्फ्रेंस आगामी 9 तथा 10 अक्टूबर को मेहसाणा में आयोजित होने वाली है। इसके बाद सौराष्ट्र, मध्य गुजरात तथा दक्षिण गुजरात क्षेत्रों में ऐसी रीजनल कॉन्फ्रेंस आयोजित होंगी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात के हर प्रदेश की विशिष्ट प्रोडक्ट तथा पहचान है और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) की विशेष स्ट्रेंथ भी है। कुछ जिलों में तो ऐसा पोटेंशियल है कि उनमें देश के अन्य राज्यों से भी अनेक गुना अधिक इंडस्ट्रियल आउटपुट एवं प्रोडक्शन है।

उन्होंने यह भी कहा कि गुजरात कृषि, मत्स्योद्योग, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल-पेट्रोकेमिकल, जेम्स-



ज्वैलरी, इंजीनियरिंग, फार्मा एवं टेक्सटाइल जैसे परंपरागत क्षेत्रों में हमेशा अग्रसर रहा है। प्रधानमंत्री के दिशादर्शन में अब गुजरात को नए उभरते तथा फ्यूचरिस्टिक सेक्टर्स सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, एयरोस्पेस, डिफेंस, ग्रीन एनर्जी में आत्मनिर्भरता के साथ लीडर बनाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का स्पष्ट संकल्प है कि हमें ऐसा राष्ट्र-राज्य बनाना है; जहाँ टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, स्टार्टअप, रिसर्च, प्रोडक्शन; हर क्षेत्र में स्वदेशी की प्राथमिकता हो। स्वदेशी तथा आत्मनिर्भरता को प्रमोट करने के लिए प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल तथा लोकल फॉर ग्लोबल का मंत्र दिया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस इस मंत्र को साकार करेगी।

उन्होंने कहा कि गुजरात में जो उद्योग आएँ, वे उन जिलों में स्थापित हों, जहाँ औद्योगिक विकास की विशेषताएँ हैं। इस दिशा में प्रयास में यह रीजनल कॉन्फ्रेंस परिणामदायी बनेगी।

इतना ही नहीं; क्वालिटी प्रोडक्ट से उस जिले की ब्रैंड इमेज बनेगी और विकास का सच्चा लाभ राज्य के हर कोने में पहुँचने से ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न का ध्येय पूरा होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट समिट से प्रधानमंत्री ने मंशा रखी थी कि राज्य के उद्योग एवं अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करें। यह मंशा इस समिट की उत्तरोत्तर सफलता से पूरी हो रही है और गुजरात आज विश्व के अनेक बड़े औद्योगिक घरानों का केन्द्र व हब बना है। बड़े उद्योगों के आने से उनके अनुरूप छोटे उद्योग तथा एमएसएमई विकसित हुए हैं और एमएसएमई तो राज्य के औद्योगिक विकास का बैक बोन बने हैं।

उन्होंने जोड़ा कि वाइब्रेंट समिट के चलते जो उद्योग व निवेश गुजरात में आएँ, उन्हें जमीन मिलने से लेकर उद्योग शुरू होने तक की जरूरी अनुमतियाँ तथा व्यवस्थाएँ भी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से राज्य सरकार ने सरल बनाई हैं। अनेक रिफॉर्म्स तथा 20 से अधिक पॉलिसीज द्वारा गुजरात पॉलिसी ड्रिवन तथा प्रो-एक्टिव गवर्नेंस स्टेट बना है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस की यह नूतन पहल राज्य के उद्योगों को प्रधानमंत्री के विकसित भारत@2047 के विजन को आत्मनिर्भर भारत तथा वोकल फॉर लोकल एवं लोकल फॉर ग्लोबल का दिशादर्शन कराने का महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म बनेगी।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत ने कहा कि गुजरात में आयोजित गत वाइब्रेंट समिट में 45 हजार करोड़ रुपए का निवेश आया और 2600 से अधिक

# बाढ़ : प्राकृतिक आपदा या मानवजनित त्रासदी ?

कहना गलत नहीं होगा कि मनुष्य अपनी सुविधाओं और लालच के लिए लगातार प्रवृति से खिलवाड़ कर रहा है। जंगलों की कटाई, नदियों का दोहन, प्रदूषण, अंधाधुंध शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ दिया है। इसका परिणाम हमें भूवंप, बाढ़, सूखा, भूस्खलन, ग्लोबल वरमिग और जलवायु परिवर्तन जैसी आपदाओं के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

इस साल देशभर में बारिश बहुत ज्यादा कहर मचा रही है।

जगह-जगह तबाही का आलम है।

बरसात, जो कभी वरदान कहलाती थी, आज कई राज्यों में कहर बनकर बरस रही है। सच तो यह है कि इस बार मॉनसून ने अपनी रौद्र लीला से पूरे उत्तर भारत को हिलाकर रख दिया है।

देश में बहुत सी नदियां उफान पर हैं,तो बांध खतरे के निशान को छू रहे हैं, और जगह-जगह भूस्खलन व बादल फटने की घटनाएं प्रवृति के रौद्र रूप की भयावह तस्वीर पेश कर रही हैं। मीडिया के हवाले से आई खबरों से पता चलता है कि उत्तर भारत में लगातार भारी बरसात के बाद जम्मू के कटरा स्थित वैष्णोदेवी धाम के मार्ग पर भूस्खलन से अब तक 38 लोगों की मौत हो गई है।

बहुत ही दुखद है कि दर्शन की लालसा में निकले श्रद्धालु अचानक आई इस त्रासदी का शिकार हो गए।

जानकारी के अनुसार मंदिर दर्शन के लिए जा रहे कई श्रद्धालु अर्धवुंवारी के पास मार्ग पर भूस्खलन व भारी बारिश की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षर्दशियों के अनुसार मंदिर मार्ग पर कई जगह पत्थर गिरने से हादसे हुए। सेना के जवान और बचाव दल लगातार राहत कार्यो में जुटे हैं। इधर, भूस्खलन के बाद वैष्णोदेवी की यात्रा भी रोक दी गई। इस घटना पर हमारे देश के प्रधानमंत्री सहित देशभर ने मृतकों के प्रति गहरा शोक व संवेदना व्यक्त की है। यह पहली बार है कि वैष्णो देवी यात्रा में इतनी बड़ी त्रासदी सामने आई है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों में 210 एमएम तथा जम्मू में 380 बारिश दर्ज की गई है। यहां हुई बारिश ने पिछले कई सालों का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। मीडिया में आया है कि जम्मू-पठानकोट तथा जम्मू-श्रीनगर हाइवे को भारी क्षति पहुंची है। तवी, चिनाब नदी सहित अन्य नदियों के उफान व बाढ़ से स्थानीय जनजीवन अस्त- व्यस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार सेना ने 10 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया है। इधर, रेलवे ने जम्मू मार्ग की 58 ट्रेनों का संचालन निरस्त किया है, वहीं 18 ट्रेनों का रूट बदला गया है।

उधर, हिमाचल प्रदेश की नदियां व्यास-सतलुज व रावी में भारी बाढ़ चल रही है। चंडीगढ़- मनाली हाइवे को भारी क्षति होने से वुल्लु व मनाली का सम्पर्व कट गया है। लेह एयरपोर्ट से सभी उड़ानें निरस्त कर दी गई हैं। इतना ही नहीं, पठानकोट पंजाब के माधोपुर हेडवर्क्स के निकट बुधवार 27 अगस्त को सेना के हेलिकॉप्टर ने एक इमारत से 22 सीआरपीएफ जवानों और नागरिकों को निकालकर एक बड़ा हादसा टाल दिया। पंजाब में बाढ़ जैसे हालात हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पोंग व भाखड़ा-नांगल बांधों से पानी निकासी के बाद भयानक बाढ़ से पठानकोट, गुरदासपुर, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर सहित कई क्षेत्रों में हालात बिगड़ गए।

गुरदासपुर में नवोदय विद्यालय के ग्राउंड फ्लोर पर 5 फीट से ज्यादा पानी भरने से 400 विद्याथा व शिक्षक पंस गए। रावी नदी में बाढ़ के कारण करतारपुर कॉरिडोर पर 7 फीट तक पानी भर गया। इसके कारण पाकिस्तान में करतारपुरा गुरुद्वारा साहिब भी डूब गया बताते हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सभी को निकालते ही इमारत भी बह गई।

इसी ाम में हिमाचल प्रदेश की नदियां भी रौद्र रूप धारण कर चुकी हैं। चम्बा में मणि महेश यात्रा बाधित हुई और करीब 2,000 यात्री जगह-जगह पंसे। पंजाब में बांधों (डैम्स) का पानी खतरे के निशान तक पहुंच गया है और गेट खोलने की नौबत आ चुकी है।

छत्तीसगढ़ में हालात बुरे हैं।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में बीते दो दिन बारिश ने तबाही मचा दी। इसे 94 साल बाद बड़ी आपदा बताया जा रहा है।

खबरों के अनुसार बीते 24 घंटे में 217 एमएम बारिश दर्ज की गई है तथा सेना ने हेलिकॉप्टर से बाढ़ में पंसे 100 लोगों को रेस्क्यू किया है। एक जानकारी के अनुसार यहां कार के साथ बहे परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इधर, उत्तराखंड और जम्मूकश्मीर में भी हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। सड़वें, पुल और मार्ग बाधित हो रहे हैं।

कहना गलत नहीं होगा कि धरमिक यात्राओं पर यह प्रावृतिक प्रकोप गहरा असर डाल रहा है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि आइएमडी के अनुसार जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल, पूवा राजस्थान,

# केरल क्रिकेट लीग में संजू सैमसन का जलवा जारी! एशिया कप से पहले किया बड़ा धमाका! 37 गेंदों में जड़ दिए इतने रन

(जीएनएस)।

केरल क्रिकेट लीग (KCL) 2025 में संजू सैमसन का बल्ला लगातार आग उगल रहा है। एशिया कप से ठीक पहले यह स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। कोच्चि ब्लू टाइगर्स की ओर से खेलते हुए सैमसन ने तिरुवनंतपुरम रॉयल्स के खिलाफ 37 गेंदों पर धुआंधार 62 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 167.57 रहा।

संजू सैमसन ने की दमदार शुरूआत

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी तिरुवनंतपुरम रॉयल्स की शुरूआत ही गलत साबित हुई। संजू सैमसन और उनके ओपनिंग पार्टनर विनूप मनोहरन ने पहले विकेट के लिए तेज 68 रन जोड़ दिए। मनोहरन ने 42 रन बनाए, लेकिन असली शो सैमसन का था। उन्होंने चार चौके और पांच गगनचुंबी छक्के लगाकर



दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

एशिया कप से पहले फॉर्म में लौटे सैमसन

यह पारी सैमसन के लिए खास इसलिए भी रही क्योंकि यह उनका लगातार तीसरा पचास प्लस स्कोर है। इस शानदार लय के चलते कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 191/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। सैमसन की यह आतिशी फॉर्म भारतीय टीम प्रबंधन के लिए भी सिरदर्द बन सकती है। एशिया कप 2025 के लिए टीम में उनकी जगह पक्की नहीं मानी जा रही क्योंकि शुभमन गिल की वापसी हो गई है और अब उन्हें अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग कराए जाने की चर्चाएं हैं।

हालांकि, संजू का प्रदर्शन चयनकताओं को मजबूर कर सकता है कि वह उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह दें। पिछले दिनों टी-20 इंटरनेशनल में भी सैमसन ने ओपनर के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था। रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में उन्होंने तीन ताबड़तोड़ शतक जड़े और खुद को साबित किया। ऐसे में ङउछ में उनकी धमाकेदार बल्लेबाजी उनकी दावेदारी को और मजबूत कर रही है। टीम के लिए निकिल थोटाथ और जोबिन जोबी ने भी अहम योगदान दिया। उनकी मदद से कोच्चि की टीम 191 रन तक पहुंच सकी।

# विपक्ष के ख्याली पुलाव पर आरएसएस प्रमुख ने यूं फेरा पानी!

(जीएनएस)।

क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर 2025 में 75 साल के होने पर राजनीति से संन्यास ले लेंगे? यह सवाल लंबे समय से विपक्ष के तंज और सियासी गलियारों की चर्चा का केंद्र रहा। लेकिन गुरुवार, 28 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने इन अटकलों पर विराम लगा दिया।

नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए भागवत ने साफ कहा, 'मैंने कभी नहीं कहा कि मुझे या किसी को 75 साल की उम्र में रिटायर होना चाहिए।' फरर की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर उन्होंने यह भी जोड़ा, 'मैं 80 साल का हो जाऊं, तब भी संघ का काम करता रहूंगा।' आइए, इस सियासी ड्रामे की पूरी कहानी और इसके पीछे की सच्चाई खंगालते हैं!

75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का कथित 'फरर नियम' विपक्ष ने बार-बार उठाया, लेकिन मोहन भागवत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'संघ में हम स्वयंसेवक हैं। हमें जो काम सौंपा जाता है, वही करते हैं- चाहे उम्र 75 हो या 80।' भागवत, जो 11 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे, ने हल्के अंदाज में कहा, 'संघ हमें जो कहेगा, वही करेंगे। रिटायरमेंट का कोई सवाल ही नहीं।'

यह बयान पीएम मोदी की रिटायरमेंट की अटकलों को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम है, जो 17 सितंबर को 75 साल के होंगे। भागवत के इस बयान ने यह भी साफ किया कि फरर में कोई औपचारिक उम्र सीमा नहीं है, और मोदी का भविष्य उनकी इच्छा और संघ की रणनीति पर निर्भर करेगा।

भाजपा ने हमेशा से दावा किया है कि 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का कोई नियम नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने मई 2024 में कहा था, 'इखढ के संविधान में उम्र की कोई सीमा नहीं। PM मोदी 2025 के बाद भी नेतृत्व करेंगे।' पार्टी ने बिहार के 80 वर्षीय नेता और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का उदाहरण दिया, जो इस 'कथित सीमा' को पार कर चुके हैं।

महाराष्ट्र के CM देवेंद्र फडणवीस ने भी पर लिखा, '2029 में भी हम PM मोदी को फिर से प्रधानमंत्री के




रूप में देखेंगे। विपक्ष का रिटायरमेंट प्रचार बेकार है।' इखढ ने यह भी जोड़ा कि मोदी का तीसरा कार्यकाल (मोदी 3.0) उनकी मजबूत छवि और जनता के भरोसे का सबूत है।

विपक्ष का तंजः 'मोदी शाह को ढट बनाने की राह बना रहे'

विपक्ष ने इस '75 साल नियम' को बार-बार हथियार बनाया। 2019 में लालकृष्ण आडवाणी (92) और मुरली मनोहर जोशी (90) जैसे दिग्गजों को टिकट न देने का हवाला देते हुए AAP नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'मोदी 2025 में रिटायर होंगे। वह अमित शाह को PM बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं।'

शिवसेना (UBT) के संजय राउत ने मार्च 2025 में मोदी की नागपुर यात्रा पर तंज कसा, 'मोदी RSS मुख्यालय गए, शायद रिटायरमेंट लेटर लिखने। उनका उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से होगा।' राउत के इस दावे पर BJP ने पलटवार किया, और फडणवीस ने कहा, 'राउत का बयान हास्यास्पद है। मोदी ही BJP और देश का चेहरा हैं।'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पर लिखा, 'RSS और BJP का 75 साल का नियम अब क्यों छिपाया जा रहा है? जनता को सच बताएं!' लेकिन भागवत के ताजा बयान ने विपक्ष के इस नैरेटिव को करारा झटका दिया।

भागवत ने BJP के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश पर भी चुटकी ली। BJP में जेपी नड्डा का कार्यकाल खत्म होने के बाद नए अध्यक्ष की खोज में देरी हो रही है।

# सिंधू ने चीन की वर्ल्ड नंबर-2 झी यी वांग को सीधे सेटों में हराया

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने का काम किया है। धमाकेदार परफॉर्मेंस से उन्होंने दिखा दिया कि आखिर क्यों उन्हें दुनिया की टॉप खिलाड़ियों में गिना जाता है। गुरुवार को उन्होंने चीन की वर्ल्ड नंबर-2 झी यी वांग को सीधे सेटों में हराकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। पेरिस में खेले गए इस मुकाबले में सिंधु ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 21-19, 21-15 से जीत हासिल की।

छठे वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल से सिर्फ एक कदम है दूर (इहक्रहङ्ग१ ʹ उँस्र्ङ्ग्ल्ल्श्रॅंस्र२, ढश ग्ल्ल्ँ४)

इस जीत के साथ सिंधु का टूनार्मेंट में शानदार सफर जारी है। खास बात यह है कि उन्होंने अब तक खेले गए तीनों मैचों में एक भी गेम नहीं गंवाया है। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु अपने छठे वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल से अब सिर्फ एक जीत दूर हैं। पीवी सिंधु इस मुकाबले में भी अपना बेस्ट देना चाहेगी। अगर वह ऐसा करने में सफल होती है तो यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

क्वार्टरफाइनल में कौन होगा सिंधु के सामने?

क्वार्टरफाइनल में सिंधु का सामना इंडोनेशिया की वर्ल्ड नंबर-9 खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वाडार्नी से होगा। दोनों के



बीच अब तक चार मुकाबले हो चुके हैं, जिसमें सिंधु ने दो बार जीत दर्ज की है। हालांकि, वाडार्नी इस समय बेहतरीन फॉर्म में हैं। साल 2025 में उन्होंने 27 मैच जीते हैं और सिर्फ 12 हारे हैं। ऐसे में यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद की जा रही है।

दूसरी ओर सिंधु का यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उन्होंने इस साल अब तक 9 मैच जीते और 12 हारे हैं। बावजूद इसके, वर्ल्ड चैंपियनशिप में उनका अनुभव और बड़े मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन उन्हें वाडार्नी के खिलाफ बढ़त दिला सकता है। जबकि 23 वर्षीय वाडार्नी इस साल लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने थाईलैंड मास्टर्स और स्विस ओपन में तीसरा स्थान हासिल किया है। ऐसे में सिंधु के लिए यह मुकाबला आसान नहीं होने वाला।

# टेस्ट में टीम इंडिया का सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज कौन? गिल-जायसवाल नहीं चेतेश्वर पुजारा ने लिया इस दिग्गज का नाम

(जीएनएस)।

भारतीय टीम के सुपरस्टार खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। पुजारा भारत के लिए सबसे लंबे फॉर्मेट टेस्ट टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा के बाद आखिरकार अब पुजारा ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। भारतीय टेस्ट टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज पुजारा ने हाल ही में अपने पसंदीदा खिलाड़ी को लेकर बयान दिया है।

पुजारा ने लिया केएल राहुल का नाम

भारतीय टेस्ट टीम में केएल राहुल को पुजारा ने सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बताया है। राहुल को टीम के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक माना जाता रहा है और इसके पीछे उनके क्लासिक खेलने का अंदाज है। आज के दौर में जहां खिलाड़ी तेज रन बनाने की होड़ में रहते हैं, वहीं राहुल अपनी पारंपरिक तकनीक और धैर्य के दम पर टीम के लिए नींव मजबूत करते हैं।

टेस्ट के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज हैं राहुल

चेतश्वर पुजारा ने राहुल की तारीफ करते हुए कहा कि वह टीम के सबसे बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं। उनकी तकनीक भारतीय टीम में सबसे सटीक मानी जाती है। यह भी अच्छा है कि वह पारी की शुरूआत कर रहे हैं, जिससे पूरी टीम के लिए मजबूत आधार बन रहा है।" यह बयान खुद इस बात की गवाही देता है कि राहुल की ओपनिंग कितनी अहम है।



क्या है राहुल की खासियत

केएल राहुल की ताकत उनकी क्लासिक डिफेंस और शॉट सेलेक्शन है। विदेशी पिचों पर जहां तेज गेंदबाजों की धार सबसे ज्यादा होती है, वहां भी राहुल अपनी तकनीक से टिकते हैं। उनकी क्रीज पर मौजूदगी गेंदबाजों के लिए चुनौती बन जाती है। चाहे स्विंग हो, बाउंस हो या स्पिन, राहुल के पास हर परिस्थिति से निपटने का हुनर है। यही कारण है कि वह लंबे समय तक क्रीज पर रहकर पारी को संभालते हैं।

फाउंडेशन सेट करने वाले प्लेयर हैं राहुल

आज की क्रिकेट में जहां बल्लेबाज तेज रन बनाने पर फोकस करते हैं, राहुल का धैर्यपूर्ण खेल टेस्ट क्रिकेट की असली पहचान को बनाए रखता है। उनकी बल्लेबाजी से टीम को न केवल स्थिरता मिलती है, बल्कि मिडिल ऑर्डर को बड़ा स्कोर बनाने का मौका भी मिलता है। यही वजह है कि पुजारा जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी राहुल को फाउंडेशन सेट करने वाला प्लेयर कहते हैं।

# असल में माचिस की तीली हैं तान्या मित्तल, 'बिग बॉस 19' में कर दी ऐसी हरकत

'बिग बॉस सीजन 19' ने अब रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। अब शो में हर सीजन की तरह, ड्रामा होना शुरू हो गया है। इतना ही नहीं अब साजिश भी बढ़ती जा रही है। इसकी शुरूआत तान्या मित्तल ने की है। उन्होंने मां और बेटे के बीच आग लगा दी है। इसे उन्होंने खुद बिग बॉस 19 के नए प्रोमो में बोला है।

तान्या ने गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद के बीच आग लगाई है। दोनों के बीच मां-बेटे का एंगल चल रहा था। जिसे दर्शक भी पसंद करने लगे थे। लेकिन अब ये रिश्ता टूटने की कगार पर है। प्रोमो में दोनों के बीच बहस होती भी दिख रही है।



शो की शुरूआत में गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद के बीच अच्छी दोस्ती हो गई थी। बातों ही बातों में उन्होंने इस मजबूत बॉन्डिंग को मां-बेटे के रिश्ते का रूप दे दिया। क्योंकि कुनिका ने खुद कई बार कहा कि गौरव उनके बेटे की उम्र के हैं। यहीं से इस रिश्ते की शुरूआत हुई। अब बात करते हैं नए प्रोमो की। इसमें दिखाया गया है कि तान्या मित्तल ने कुनिका को चतुराई से गौरव के खिलाफ भड़काना शुरू किया। कुनिका उनकी पूरी बातें सुनी हैं। इसके बाद वो कहती हैं कि गौरव मेरा करीबी नहीं है। हालांकि तान्या की बातों को कुनिका सीरियस नहीं लेती हैं। लेकिन तान्या उन्हें लगातार भड़काती रहती हैं।

प्रोमो में कुनिका गौरव से कहती हैं "मैं किसी की मां नहीं हूं, अगर कोई मुझे इस नजरिए से देखता है तो सामने आकर इज्जत से कहे। ऐसा नहीं है कि पीठ पीछे गेम न खेले।" इन सबके बीच तान्या बाहर जाती हैं और जीशान कादरी को कहती हैं कि मैं आग लगा दी है। जिसके बाद अब सोशल मीडिया पर लोग तान्या मित्तल को तरह तरह की बातें कह रहे हैं। कुछ कह रहे हैं कि उनका असली चेहरा सामने आ गया है। कोई उन्हें माचिस की तीली भी कह रहा है।

# योगी सरकार का बड़ा फैसला, अब पूर्व सैनिकों और दिव्यांगों को भी स्टाम्प शुल्क में मिलेगी छूट

(जीएनएस)।

उत्तर प्रदेश सरकार ने समाज के अलग-अलग वर्गों को राहत देने की दिशा में नया कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को दी जा रही स्टाम्प शुल्क में छूट का लाभ अब पूर्व सैनिकों और दिव्यांगजनों तक बढ़ाने का फैसला किया है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पंजीकरण प्रक्रिया में आसानी मिले। इसी कड़ी में उन्होंने निर्देश दिया कि 20 हजार रुपये से अधिक शुल्क पर अब सभी जिलों में ई-भुगतान व्यवस्था लागू की जाए।

आधार प्रमाणीकरण और ई-पंजीकरण पर जोर

बैठक में सीएम योगी ने स्पष्ट कहा कि फजीवाड़े को रोकने के लिए आधार प्रमाणीकरण प्रणाली लागू करना जरूरी है। इससे पहचान की पुष्टि आसान होगी और अवैध पंजीकरण की गुंजाइश खत्म हो जाएगी।

इसके साथ ही प्राधिकरणों के आवंटियों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम से ई-पंजीकरण की सुविधा देने पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे लोगों को एक ही जगह पर सभी सेवाएं मिल सकेंगी और प्रक्रिया सरल बनेगी।



रिक्त पदों पर भर्ती और वेंडरों का कमीशन

मुख्यमंत्री ने विभाग को जल्द से जल्द रिक्त पदों पर नियुक्ति पूरी करने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि पर्याप्त स्टाफ होने से विभाग की कार्यकुशलता और सेवा की गुणवत्ता बेहतर होगी।

साथ ही उन्होंने स्टाम्प विक्रय की मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा कर वेंडरों के कमीशन को तार्किक बनाने की जरूरत बताई। सरकार चाहती है कि यह व्यवस्था सरल, पारदर्शी और दोनों पक्षों के लिए संतुलित हो।

छोटे किरायेनामों पर भी राहत

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 साल तक की अवधि वाले छोटे और मध्यम वर्ग के किरायेनामों पर स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क में छूट दी जानी चाहिए। इस कदम से किराएदारों और मकान मालिकों दोनों को राहत मिलेगी।

उन्होंने विभाग को इस दिशा में ठोस प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। योगी सरकार का कहना है कि छोटे अनुबंधों पर अधिक बोझ डालना उचित नहीं है और उन्हें भी प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

डिजिटाइजेशन और ई-स्टाम्प की सफलता

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2002 से 2017 तक के 99 प्रतिशत विलेखों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। यह विभाग की बड़ी उपलब्धि है और अब अगले चरण की कार्रवाई तेजी से चल रही है।

वर्तमान में प्रदेश में 98 प्रतिशत से अधिक पंजीकरण ई-स्टाम्प के माध्यम से हो रहे हैं। इससे न केवल प्रक्रिया आसान बनी है, बल्कि लोगों को दलालों और लंबी प्रक्रियाओं से भी राहत मिली है।

# बरसाना में राधाष्टमी पर चलते हुए श्रद्धालु भी कर सकेंगे श्रीजी राधा मैया के दर्शन

**:उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने की स्वागत द्वार के साथ एलईडी के माध्यम से लाइव दर्शन कराने की व्यवस्था**

मथुरा (जीएनएस)। श्रीजी श्रीराधा मैया के जन्मोत्सव की तैयारी बरसाना में पूरे जोर-शोर से की जा रही हैं। प्रशासन और नगर पंचायत बरसाना के अधिकारी, 30 व 31 अगस्त को मनाए जाने वाले इस पावन पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद इस दौरान बरसाना में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए छह स्थानों पर लाड़ली जी के जन्मोत्सव के सीधे प्रसारण के लिए एलईडी लगाएगा, जिससे राह चलते श्रद्धालु भी लाड़ली जी के दर्शन कर सकेंगे। इस संबंध में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद तक ब्रज में श्रीजी राधाष्टमी को लेकर उमंग एवं उत्साह का माहौल है। बताया कि इस बार राधाष्टमी का उत्सव 30 और 31 अगस्त को मनाया जाएगा। कहा कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी कराएगा। इसके लिए लोक कलाकारों की छह टीमों का चयन किया गया है, जिसमें शामिल 10-10 कलाकार बरसाना में विभिन्न स्थानों पर अपनी लोक कला की प्रस्तुति देंगे। इसमें बीन, नगाड़ा, ढोल, बपंग, तबला बेला और बम नगाड़ा आदि शामिल हैं। ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ ने बताया कि मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर दो प्रवेश द्वार भी बनाए जा रहे हैं। कहा कि यह द्वार बरसाना-छाता मार्ग स्थित पेट्रोल पम्प के पास तथा गोवर्धन-बरसाना मार्ग पर होंगे। उन्होंने बताया कि श्रीराधा अष्टमी पर बरसाना में श्रद्धालुओं का दबाव अधिक रहता है। लाखों श्रद्धालु श्रीराधारानी के जन्मोत्सव पर बरसाना में दर्शन को पहुंचते हैं। कहा कि लाड़ली जी मंदिर के बाहर रहने वाले श्रद्धालुओं को सीधे दर्शन एलईडी के माध्यम से कराने की व्यवस्था की जा है। इसके लिए बरसाना में श्रीजी गेट, कटारा चौक, सुदामा चौक और सफेद छतरी के सामने वाली दीवार पर नए गेट के ऊपर, नया बस स्टैंड तथा मेरो बरसाना गेट पर भी एलईडी लगायी जाएंगी। श्री राधाष्टमी जन्मोत्सव पर्व पर अभिषेक के दर्शन करीब एक घंटे तक श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे। बताया कि करीब 16 घंटे तक राधारानी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। जिला प्रशासन कि व्यवस्था के अनुरूप इस बार एकल मार्ग के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ को राधारानी मंदिर के लिए सुदामा चौक की सीढ़ीयों से प्रवेश कराया जाएगा। इसी के साथ जयपुर मंदिर मार्ग से श्रद्धालुओं के लिए निकास द्वार की व्यवस्था की जाएगी।

# वार्डो के निरीक्षण में नगर आयुक्त को मिली कमियां : नगर ने सफाई व्यवस्था बेहतर करने के दिए सख्त निर्देश

मथुरा (जीएनएस)। नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ महानगर में नगर आयुक्त निरंतर वार्डों का स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार गुरूवार को नगर आयुक्त जग प्रवेश ने वार्ड संख्या 18 (जनरलगंज) और वार्ड संख्या 35 (वनखंडी) क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। नगर आयुक्त को जनरलगंज में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, नालियों की सफाई और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका को देखा। नगर आयुक्त द्वारा जांच करने पर 2 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। नगरी आयुक्त ने गायब मिले सफाई कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सफाई निरीक्षक को यह



निर्देश दिए कि वार्ड में मौजूद रहकर स्वच्छता कार्य अपनी देखरेख में कराएं, ताकि वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहे। इसके बाद नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 35 वनखंडी का निरीक्षण किया। वहां निरीक्षण के दौरान होलीगेट और कोतवाली रोड़ तथा तेल मिल गली समेत विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान तीन सफाई कर्मी अनुपस्थित मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उपस्थिति पंजिका में ओवरराइटिंग पाए जाने पर नगर आयुक्त ने संबंधित सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति होने पर इससे भी अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि वार्ड की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। कहा कि स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए बेहतर सफाई व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इस दौरान सफाई निरीक्षक राजकुमार लवानियां, सौरभ अग्रवाल और नेचर ग्रीन कंपनी के ऑपरेशन मैनेजर अभिषेक वाजपेयी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कहा कॉरपोरेशन नहीं तो, अपने पैसे से काटेंगे केक

**सेवानिवृत्त कर्मचारियों का आरोप, कॉस्ट कटिंग के नाम पर कॉरपोरेशन का बेड़ा गर्क कर रहे हैं चेयरमैन**

**पौधे को वट वृक्ष बनाने वाले कर्मचारियों को नहीं दिया जा रहा उनका हक**

मथुरा (जीएनएस)। श्रीकृष्ण की नगरी में आधुनिक मंदिर के नाम से विश्व-विख्यात इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी इन दिनों रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल के कार्यकाल में चचाओं का विषय बन रही है, कुछ न कुछ ऐसी परिस्थितियां रिफाइनरी में उत्पन्न हो रही हैं। जिनकी वजह से कह सकते हैं, कि मथुरा रिफाइनरी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। अभी का ताजा मामला मथुरा रिफाइनरी के सेवानिवृत्त उन सभी कर्मचारियों से जुड़ा है, जिन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण योगदान एक पौधे को वट-वृक्ष बनाने में समर्पित कर दिया था। किंतु अब वही कर्मचारी इस संकोच में हैं, जो कॉरपोरेशन कभी नंबर-वन कहलाती थी, जिसका श्लोगन भी पहले




इंडियन फिर ऑयल था। अब ऐसा क्या हुआ कि वही कॉरपोरेशन अब इंडियन की तो छोड़िए अपने परिवार के सदस्यों के साथ ही परायों वाला व्यवहार कर रही है। मामला कुछ ये है कि इंडियन ऑयल 1 सितंबर के दिन अपना स्थापना दिवस बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाती हुई आयी है। स्थापना दिवस के अवसर पर इंडियन ऑयल अपने सभी कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित भी करती थी, जिसमें रिफाइनरी के कांट्रेक्टर मजदूरों को भी मिठाई वितरण होती थीं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष 1 सितंबर को इंडियन ऑयल अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित नहीं करने वाली है, जिसकी वजह इंडियन ऑयल चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी द्वारा कॉस्ट कटिंग कंट्रोल बतायी जा रही है। इस मामले पर मथुरा रिफाइनरी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कहा कि, उन्होंने अपने जीवन के कई महत्वपूर्ण दशक मथुरा रिफाइनरी की सेवा में समर्पित किए और कॉरपोरेशन को ऊंचाईयों तक लेकर गए। जिसके फलस्वरूप इंडियन ऑयल चेयरमैन वैद्य साहब के कार्यकाल तक रिफाइनरी के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इंडियन ऑयल दिवस पर एकत्रित करके एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्मानित किया जाता था। किंतु अरविंदर सिंह साहनी के चेयरमैन बनते ही ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से कॉरपोरेशन में कॉस्ट कटिंग कंट्रोल जैसी स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं तथा जिन लोगों ने कॉरपोरेशन के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया, अब उन्हें भी गैर बताकर परायों वाला व्यवहार किया जा रहा है। हालांकि जानकारी यह भी मिली है कि रिफाइनरी कर्मचरियों की यूनियनों ने एकमत होकर इंडियन ऑयल चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी को पत्र भेजकर लिखा है कि कर्मचारी रीढ़ की हड्डी हैं, उनके साथ खराब बर्ताव न किया जाए और इंडियन ऑयल दिवस पर सभी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाए। इसके साथ ही मथुरा रिफाइनरी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल से कहा है कि, अगर कॉरपोरेशन के पास पैसा नहीं है तो सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने पैसे से इंडियन ऑयल दिवस पर केक काटेंगे, लेकिन वर्षों पुरानी चली आ रही परंपरा को नहीं टूटने देंगे।

# करंट की चपेट में आई भैंस की मौत, चरवाहे घायल

लखनऊ रीडर

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कंधरपुर गांव में गुरुवार शाम को बिजली के करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई जबकि दो चरवाहे घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्नाव थाना बारासगवर के दूलीखेड़ा गांव में एक माह पहले नदी में बाढ़ आ गई थी। बाढ़ के चलते गांव निवासी हरेन्द यादव और भाई धर्मेंद्र यादव कंधरपुर गांव आ गए थे। वह गुरुवार को भैंस चराने गए थे। वहां पर एचटी लाइन का तार टूटकर जमीन पर पड़ा था। निकल रही भैंस तार की चपेट में आकर करंट से मौत हो गई। भैंस बचाने के प्रयास के लिए जा रहे तो वह दोनों भी घायल हो गए। उन्हें पीएचसी में भर्ती कराया गया। परिजन थाने में इसकी तहरीर दी। अवर अभियंता विवेक शर्मा ने बताया कि गंगा नदी में बाढ़ के कारण एचटी लाइन का तार काट दिया गया था, लाइन बंद थी, सिर्फ एलटी लाइन चालू रही है।

# कालाबाजारी करने वाले निजी दुकानदारों के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा

**-अधिक मूल्य पर यूरिया खाद बेंचने के विरोध में की नारेबाजी**

लखनऊ रीडर

खखरेरू। धाता विकासखंड के पौली गांव बाजार स्थित किसान खाद भंडार के दुकानदारों द्वारा यूरिया खाद अधिक मूल्य में बेंचने के विरोध में किसानों ने दुकानों के सामने खड़े होकर नारेबाजी करते हुए प्रशासन से जांच की मांग की।

किसानों ने नारेबाजी करते आरोप लगाया कि क्षेत्र में यूरिया की भारी किल्लत फैली हुई है, सहकारी समितियों में मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध न होने के कारण उन्हें मजबूरन निजी दुकानदारों का सहारा लेना पड़ रहा है। वह इसका फायदा




उठाते हुए किसानों से कालाबाजारी करना शुरू कर देते हैं। उनका कहना हैकि खाद का मूल्य 266.66 रुपये है, लेकिन उन्हें निजी दूकानदार 5 सौ से लेकर 7 सौ रुपये प्रति बोरी देते हैं और इसके साथ-साथ प्रति बोरी पर सल्फर, जिंक लेना अनिवार्य कर रखा है, जिसका पैसा अलग से वसूल करते है। किसान वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र सोनकर, इम्तियाज अहमद, इलियास अहमद, पप्पू पिंटू, नावेद, रकेब, मनसुफ, संजय पाल, शिवचंद्र, मोईन अहमद, मुकीम अहमद सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह स्थिति पौली और नंदापुर के निजी दुकानदारों का है। उन्होंने अधिक मूल्य पर खाद बेंचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग उपजिलाधिकारी से की है। उपजिलाधिकारी अभिनीत कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# महाराष्ट्र की तर्ज पर गाजे-बाजे के साथ केएम विवि पधारे विघ्नहर्ता गणेशजी

**विघ्नहर्ता गणेशजी की कुलाधिपति ने की पूजा अर्चना, गरवा का उठाया लुफ्त**

**मनमोहक परिधानों के बीच जमकर नाचे मेडीकल छात्र-छात्राएं**

मथुरा (जीएनएस)। कृष्णमोहन विश्वविद्यालय में गणेश चतुर्थी पर्व की धूम मची है। विवि में बैंड बाजों की धुन और छात्र-छात्राओं के नाच-गाने के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के प्रतिनिधि देवी सिंह (डीएम) ने वैदिक मंत्रों के बीच पंडाल में गणेश प्रतिमा विराजित की तो गणपति बप्पा मोर्रिया के उद्घोषों से पूरा विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा। मेडिकल छात्र-छात्राओं ने रात्रि में गरवा समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गणेश महोत्सव की शुरूआत केएम विश्वविद्यालय पहुंची शोभायात्रा में विराजमान गणेश भगवान की विशाल प्रतिमा के साथ हुई। इसे देखकर पूरे परिसर में छात्र-छात्राएं, पीजी डॉक्टर समेत अस्पताल का समस्त स्टाफ पार्वती के लाड़ले की अलौकिक छवि निहारते रह गए। शोभायात्रा में मेडीकल छात्र-छात्राएं गणपति के गीतों पर नाचते पंडाल तक गणेशजी की प्रतिमा को ले गए। जहां वैदिक मंत्रों के बीच विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवी सिंह ने गणेशजी पूजा-अर्चना कर उनकी आरती उतारी। इसी बीच मेडीकल छात्रों समेत पीजी के डाक्टरों ने पूजा अर्चना में बढ़चढ़कर भाग लिया। रात्रि में गरवा कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने किया। इस दौरान पंडाल में मनमोहक परिधानों को पहनकर सैकड़ों मेडीकल छात्र-छात्राएं जमकर नाचे और गणेश महोत्सव का लुफ्त उठाया। प्रतिमा स्थापना एवं आरती के दौरान दौरान





केएम विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, विवि सलाहाकार डा. एसपी गोस्वामी, रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, मेडीकल कॉलेज के प्रिंसीपल डा. पीएन भिसे, डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक (सीईओ) डा. मनोज कुमार ओझा, हॉस्पिटल मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, असिटेंट रजिस्ट्रार /ट्रांसपोर्ट इंचार्ज दीपक माथुर, असिटेंट रजिस्ट्रार अनिल चतुवेर्दी, देवेन्द्र कुंतल, रणवीर, डा. हरि नारायण, डा. राजा, डा. विनेश, डा. ज्ञान, डा. संतोष, डा. नंदीश, डा. संध्या, एडीजी क्राइम ब्रजेश कुंतल, डीन डा. दिनेश, डीन एग्जामिनेशन पीके जैन और खेल डायरेक्टर आरके शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में डॉक्टर, पीजी डॉक्टर और यूजी डॉक्टर मौजूद रहे। वहीं विघ्नहर्ता गणेश मंडल के अध्यक्ष डा. सुमित पाटिल, डा. राजदीप नायक, डा. पवन, डा. अतुल, डा. जैश और डा. साबल ने बताया कि मेडीकल बैच 22-23 के छात्रों ने सुबह से गणपति के आगमन के लिए आकर्षण रंगोली, फूलों की माला, पंडाल में विशेष सहयोग किया। मूर्ति स्थापना की अध्यक्षता डा. आशीष टाटे, डा.पीयूष महाजन ने की जबकि गरवा कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. अंजली सिंह और डा. मौसम पाटिल ने की कथा संचालनकर्ता सुमित पाटिल रहे।

# सड़क किनारे युवक का शव मिलने से हड़कंप, पिता ने हत्या का लगाया आरोप

निघासन खीरी।

कोतवाली क्षेत्र के रकेहटी ढखेरवा खालसा मार्ग पर बुधवार दोपहर गन्ने के खेत के पास युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव के पास ही उसकी क्षतिग्रस्त बाइक भी बरामद हुई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सीएचसी निघासन भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान कस्बे के दुगार्पुरम(सुक्खन पुरवा) निवासी 18 वर्षीय विकास कुमार पुत्र छैलविहारी के रूप में हुई। मृतक के पिता छैलविहारी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि विपक्षी कुलदीप उर्फ ठाकुर प्रसाद पुत्र नोखे और रामकुमार ने पूर्व में उसके बेटे को गोली मारने की धमकी दी थी।

आरोप है कि बुधवार दोपहर




करीब दो बजे विकास जब बाइक से ढखेरवा खालसा जा रहा था, तभी रास्ते में रोककर उसकी जमकर पिटाई की गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही बाइक को भी तोड़फोड़ दिया गया।

सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है।

पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# थाना को0 नगर पुलिस द्वारा छिनैती करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे 01 अदद एप्पल कम्पनी का मोबाइल बरामद

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र रामानन्द सिंह नि0 बहराइच रोड निकट हाण्डी मीट हाउस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को रेलवे स्टेशन निकट सोनी गुमटी रोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद एप्पल कम्पन्नी का मोबाइल बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 27.08. 2025 को लगभग दोपहर 1:00 बजे प्रार्थी कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी अनंत हास्पिटल, मारुति चौराहा, थाना कोतवाली नगर, गोण्डा अपने निजी कार्य हेतु बाजार जा रहे थे। जैसे ही वे मारुति चौराहा ओवर ब्रिज के पास पहुँचे, तभी कुछ व्यक्तियों ने पीछे से झपट्टा मारकर उनका कीमती आईफोन मोबाइल झपट्टा मार कर भाग गए। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 28.08.2025 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा घटना कारित करने के आरोपी अभियुक्त अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र रामानन्द सिंह नि0 बहराइच रोड निकट हाण्डी मीट हाउस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को रेलवे स्टेशन निकट सोनी गुमटी रोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद एप्पल कम्पन्नी का मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# बालिका से अश्लील छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आगरा। (जीएनएस)। थाना खेरागढ़ क्षेत्र में एक बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना खेरागढ़ क्षेत्र में एक बालिका के साथ नामजद आरोपी ने विगत 25 अगस्त को अश्लील छेड़छाड़ की थी। पीड़ित बालिका के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद थाना प्रभारी खेरागढ़ मदन सिंह पुलिस टीम के साथ फरार आरोपियों की तलाश कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी मदन सिंह ने बालिका से छेड़छाड़ करने वाले फरार आरोपी राज उर्फ रूपकिशोर पुत्र रामप्रकाश



निवासी गांव बसईय्या थाना खेरागढ़, आगरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।